निफ्टम छात्रों ने कम कीमत में कूड़े से बनाई खाद

किसानों के लिए काफी बेहतर काम किया

वैभव न्यूज

नई दिल्ली। बेकार पड़े सूखे पत्तों, घास व अन्य कूड़े को लाभ के काम में तबदील कर निफ्टम संस्थान के छात्रों ने किसानों के लिए काफी बेहतर काम किया है। छात्रों द्वार वेस्ट मेनेजमेंट के माध्यम से जो खाद तैयार की गई है वह काफी बेहतर है। इसको केचुओं से तैयार किया गया, यह कमपोस्ट खाद सामान्य खर्च पर तैयार की गई है। किसानों को इस खाद से काफी लाभ होगा और फसलें भी सुरक्षित रहेंगी और सी अवश्यकत्ता के अनुसार भी। तैयार किया जा सकता है।

छात्रों द्वारा बनाई गई इस बेहतरीन खाद के मुद्दे पर संस्थान के कुलपति डॉ.अजीत कुमार ने कहा कि यह छात्रों का सराहनीय प्रयास है, जो किसानों के साथ.साथ देश के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने बताया कि छात्र इस अभियान को लेकर अब एक गांवों से दूसरे गांव तक जाएंगे। संस्थान द्वारा गोद लिए गावों में इस प्रकार की गतिविधियों से हम वहां के किसानों को जागरूक करेंगे ताकि कि वो लोग इस काभरपूर लाभ ले सकें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि छात्रों द्वारा बनाई गई लगभग 500 किलो खाद को गावों में वेचा भी गया है। ताकि वहीं के किसान प्ररणा लें और खाद अपने लिए बनाने के साथ.साथ इसे अन्य स्थानों पर बेच कर लाभ भी कमाएं। ध्यान रहे कि संस्थान के द्वारा गोद लिए गांवों में 33 विद्यार्थियों की टीम अध्यापकों के साथ लगभग 10-10 दिन वहां रह कर किसानों और गांवों के लोगों को कई प्रकार से जागरूक करती हैं। यह छात्रों की पढाई का एक हिस्सा है।

जिसका मकसद धात्रों को किसानों से जुडी विभिन्न समस्याओं को समझाना और उनका निदान करना होता है। छात्र 10 दिनों तक की सब गतिविधियों को हर दिन नोट करते हैं और फिर उसी आधार पर समस्याओं का स्थाई समाधान खोजते हैं। ■